तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 जून 2026



4 संकीर्ण पुलिया बनी दुर्घटनाओं का कारण लगातार हो रहे हादसों ने बढ़ाई चिंता



## खबर संक्षेप

(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: लालूराम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा
मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561
पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा
मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561

### राज्य महिला आयोग की सुनवाई 25 को

**कोरबा।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी श्रीमती सरला कोसरिया, सह प्रभारी श्रीमती प्रियवन्दा सिंह जूदेव द्वारा की जाएगी। यह सुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 25 जून को प्रातः 11 बजे से की जाएगी।

### मुख्य अभियंता मड़वा को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के संगठन के महासचिव आर सी चेट्टी के नेतृत्व में मड़वा संयंत्र के नियमित कर्मचारी, संविदा एवं ठेका श्रमिकों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर प्रशासनिक भवन के पास संयंत्र के मुख्य अभियंता एच एन कोसरिया को प्रबंध निदेशक के नाम से जारी सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के मुख्य बिंदु 840 विलोपित पदों को यथावत रखते हुए शेष कर्मचारियों को पदोन्नति, कर्मचारियों की पुनर्पदसंरचना, पुरानी पेंशन योजना बहाली, ओवर टाइम एवं इंसेंटिव चालू करने, सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की पदोन्नति, ठेका श्रमिकों के हितों के लिए शासन के श्रम कानूनों का अनुपालन रहे। प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ सभी कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक आक्रोशित हैं और आर पार की लड़ाई लड़ने की योजना बना चुके हैं अगर प्रबंधन द्वारा जल्द ही ज्ञापन के बिन्दुओं पर संगठन को वार्ता के लिए आमंत्रित कर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो सभी कर्मचारी और ठेका श्रमिक आंदोलनात्मक कदम उठाने विवश होंगे।

### नीट-यूजी परीक्षा 21 को

कोरबा। नीट-यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक कोरबा जिला अन्तर्गत 4 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। जिसमें कुल 1765 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पुलिस प्रशासन को निर्देश जारी किया गया है।

### किसानवाणी कार्यक्रम के प्रसारण की तिथि तय

**कोरबा।** आकाशवाणी बिलासपुर से माह जून में प्रसारित होने वाले किसानवाणी कार्यक्रम की तिथि तय की गई है। 15 जून धान उत्पादन की विधियां एवं छिटकाव पद्धति से लाख, 16 जून किसान वाणी गाँव म, 17 जून सफल कृषक से भेंट, 18 जून फोनईन कार्यक्रम खरीफ मौसम में धान बीजोत्पादन तकनीक, 19 जून फोनईन कार्यक्रम खरीफ मौसम में दलहन तिलहन बीजोत्पादन तकनीक, 20 जून उद्यान विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाएं, 21 जून- ग्रामसभा-आपमन के गीत, 22 जून आयल पाम की खेती किसानों के लिए लाभकारी, 23 जून किसान वाणी गाँव म, 24 जून सफल महिला कृषक से भेंट, 25 जून फोनईन कार्यक्रम बरसात पूर्व पशुओं को प्रबंधात्मक टीककरण 26 जून फोनईन कार्यक्रम पशु विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, 27 जून खेत बचाओ अभियान के तहत प्राकृतिक खेती अपनाना, 28 जून ग्रामसभा-आपमन के गीत, 29 जून तसर कोसा कृमि पालन और 30 जून को किसान वाणी गाँव म कार्यक्रम का प्रसारण किया जायेगा।

# सहकारी समितियों से वापस नहीं हुए 85 हजार से अधिक बारदाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बीते वर्ष धान खरीदी सीजन में सहकारी समितियों को विपणन विभाग के द्वारा भेजे गए 70 लाख 36 हजार 298 बारदाने में समितियों के पास 85 हजार 959 बारदाने अभी भी पड़े हुए हैं। जिनकी वापसी विभाग के द्वारा खराब होने का हवाला देकर नहीं की गई है। इनका खर्च सहकारी समितियों को उठाना पड़ेगा।

धान खरीदी के लिए प्रति वर्ष विपणन विभाग के द्वारा बारदानों की आपूर्ति की जाती है। इसके साथ ही खाद्य विभाग के द्वारा पीडीएस दुकानों से भी बारदाने की सप्लाई की जाती है। दोनों विभागों की ओर से बारदानों की आपूर्ति होने के बाद ही लाखों क्विंटल धान की खरीदी संभव हो पा रही है। इन बारदानों में कटे फटे बारदानों को लेकर कई बार विभागों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। समिति द्वारा कटे फटे बारदाने भेजे जाने की शिकायत विभाग स्तर पर की जाती है किन्तु समितियों की इस शिकायत का निराकरण विभागीय स्तर पर भी नहीं होता। मजबूरी उन्हें कटे फटे बारदाने से ही खरीदी करनी पड़ती है। जिसकी वापसी न तो विपणन विभाग करता है और न ही खाद्य विभाग वापस लेता है। और खराब बारदाने का पूरा खर्च समितियों को उठाना पड़ता है। उनके सामने प्रति वर्ष यही स्थिति निर्मित होती है। इस वर्ष 70 लाख 36 हजार 298 बारदानों की आपूर्ति हुई थी। जिससे खरीदी की प्रक्रिया पूरी की गई। इन बारदानों में केवल 82 हजार 586 बारदाने ही विपणन विभाग के द्वारा वापस लिए गए हैं। शेष 85 हजार 959 बारदाने समितियों में पड़े हुए हैं।

### विभाग ने 82 हजार 586 बारदाने ही लिए वापस

**खास बातें**

- बीते वर्ष धान खरीदी के लिए 70 लाख 36 हजार 298 बारदानों की हुई थी आपूर्ति



### कितने बारदानों का हुआ उपयोग

- 0 समिति को भेजे गए बारदाने : 70 लाख 36 हजार 298
- 0 खरीदी में उपयोग हुए बारदाने : 68 लाख 67 हजार 753
- 0 विपणन संघ को वापस हुए बारदाने : 68 लाख 67 हजार 753
- 0 खाली बारदाना वापस : 82 हजार 586
- 0 समितियों में शेष बारदाने : 85 हजार 959

### 800 भवन का डीएमएफ बैठक में आया प्रस्ताव, जिले में संचालित हैं 2650 आंगनबाड़ी केन्द्र

# जिले में जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए बनेंगे चार सौ नए भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की तस्वीर बदलने की कवायद शुरू हो गई है। कुल 800 ऐसे भवन थे जिनमें नौनिहालों को बैठाना मुश्किल भरा था। डीएमएफ से 400 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए नए आंगनबाड़ी भवन बनाने के साथ एक बड़ी राशि भी स्वीकृत हुई है। इनमें अधिकांश केन्द्र ग्रामीण अंचलों में बनाए जाएंगे।

महिला बाल विकास विभाग पिछले तीन वर्षों से भवनों के जर्जर स्थिति से जूझ रहा था। विभाग के द्वारा शासन के पास प्रस्ताव भी भेजा गया था, किन्तु शासन स्तर से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण जर्जर भवनों के मरम्मत कराने के लिए भी विभाग के पास फंड की कमी बनी हुई थी। कई बार जर्जर भवनों के कारण कार्यकर्ताओं के साथ किराए के भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित करने की मजबूरी हो गई थी। हाल ही में खनिज न्यास के मद से शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए राशि जारी हुई है। जिले में 2650 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। जिनमें 800 केन्द्र ऐसे थे जो जर्जर हो चुके थे। ऐसा ही एक जर्जर केन्द्र डिंगापुर का था जिसके धराशाही होने के बाद विभाग ने ऐसे सभी जर्जर केन्द्रों में बच्चों के बैठने पर रोक लगा दी थी। उसके बाद से नए भवन की कवायद शुरू तो की गई लेकिन शासन स्तर से फंड स्वीकृत नहीं होने से निर्माण अधर में लटका रहा। पिछले दिनों खनिज न्यास मद की शासी परिषद की आहूत बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भी राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से 400 आगनबाड़ी केन्द्र जो जर्जर हैं उनके लिए नए भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों में सक्षम आंगनबाड़ी भवन भी शामिल हैं जो पुराने भवन में संचालित हो रहे थे जो जर्जर होने के कारण मरम्मत के बाद संचालित हुए।




फाइल फोटो

### जनपद क्षेत्रों में नहीं हो रही निर्माण में प्रगति

जनपद पंचायत की सामान्य सभा बैठक में भी जनपद सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में आंगबाड़ी केन्द्र भवन के लिए प्रस्ताव दिए गए थे। उक्त प्रस्ताव को भी डीएमएफ की बैठक में शामिल तो किया गया है लेकिन कुछ के कार्य शुरू भी हो गए हैं। ग्राम पंचायत को इसके लिए निर्माण एजेंसी भी बनाया गया लेकिन जनपद अधिकारियों की उदासीनता की वजह से ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के निर्माण में प्रगति नहीं आ रही है।

### इन क्षेत्रों में ठप पड़ा है निर्माण कार्य

जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत रजगामार और ग्राम पंचायत डोकरमना के खम्होन जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भवनों का निर्माण चल रहा है जो अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है। इसके साथ ही कुछ ग्राम पंचायतों में जमीन विवाद की वजह से आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण शुरू ही नहीं हो सका है। ऐसी शिकायतें भी जनपद क्षेत्रों में पहुंची हैं, जिनका निराकरण जनपद पंचायत स्तर पर भी नहीं हो सका है।

# कल से खुलेंगे स्कूल



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कुछ दिनों से स्कूल शुरू होने को लेकर सोशल मीडिया में चल रहे खबर के बीच स्कुल शिक्षा विभाग ने शनिवार को 16 जून से स्कुल खोलने का आदेश जारी कर स्थिति स्पष्ट कर दी है। सोशल मीडिया में 1 जुलाई से स्कुल खुलने की खबर प्रसारित होने से भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई थी। जो डीपीआई के आदेश के बाद भ्रम की स्थिति दूर हो गई है।

नए आदेश से मंगलवार से नए शिक्षण सत्र की शुरुआत होगी और इस दिन से किताब व गणवेश का वितरण भी शुरु हो जाएगा। पिछले मई माह से हो जिले के सभी जन शिक्षा केन्द्रों में किताबों की सप्लाई शुरू हो गई थी। अधिकांश जन शिक्षा केन्द्रों में ड्रेस पहुंच चुकी है। वहीं निःशुल्क किताबें अभी पहुंच रही है। ड्रेस की आपूर्ति जिले के सभी जनशिक्षा केंद्रों में पूर्ण हो होने की जानकारी सामने आयी है। इसी तरह निजी स्कुल प्रबंधन को स्वयं के खर्च पर बिलासपुर संभागीय मुख्यालय से किताबें लाना पड़ रहा है। शाला प्रवेशोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 20 जून को भैसमा में आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारी शुरू हो गयी है। जिले के स्कूलों में दर्ज बच्चों की संख्या 50 हजार से अधिक है। कक्षा 10वीं तक शासन के द्वारा दी जाने वाली किताबें छात्रों को दी जा रही है।

**खास बात**

- 20 जून को भैसमा हाई स्कूल में आयोजित होगा मुख्य समारोह

# आंधी से कई पेड़ हुए धराशायी घंटों बिजली आपूर्ति रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शुक्रवार दोपहर बाद तेज आंधी तूफान चलने से कई क्षेत्र के कई छोटे बड़े पेड़ गिरने से घंटों बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही। घंटों सुधार कार्य के बाद क्षेत्र की बिजली बहाल हुई।

पिछले एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी से आमजन बेहाल रहे। दिन तो क्या रात में भी राहत नहीं मिल रही थी, वहीं गर्मी से बच्चे और बुजुर्ग के सेहत पर भी असर पड़ने लगा था। शुक्रवार सुबह से गर्म हवा के साथ तेज धूप निकलने से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था, दोपहर बाद अचानक मौसम में आए बदलाव से तेज आंधी तूफान के साथ जमकर बारिश हुई। जिससे तापमान में गिरावट आई और आमजनों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली। वहीं आंधी तूफान से नगर के आसपास छोटे बड़े पेड़ धराशाई हो गए। बिजली खम्भे में पेड़ गिरने से नगर क्षेत्र की बिजली घंटों बाधित रही। जिसे सुधारने विभाग के कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। जिसके बाद कुछ क्षेत्र की बिजली बहाल हो पाई। बिजली बहाल होते ही आंख मिचौली शुरू हो गई। जिससे बिजली से चलने वाले यंत्र प्रभावित हो गए। हालांकि नगर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने विभाग द्वारा मशक्कत की गई।



फाइल फोटो

# पर्यावरण विभाग की टीम ने नाकेबंदी कर अवैध बैटरियों से भरी लॉरी की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यावरण विभाग की टीम ने डीडीएम रोड पर नाकेबंदी कर करोड़ो रुपए की अवैध बैटरियों से भरी एक लॉरी को जप्त किया है। कबाड़ और स्क्रैप के अवैध काले कारोबार के खिलाफ इसे जिले में पर्यावरण विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। जिसके बाद से कबाड़ कारोबारियों और सिंडिकेट चलाने वालों के होश उड़े हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक ज़ब्त की गई बैटरियों की कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। इन पुरानी और कबाड़ हो चुकी बैटरियों को बिना किसी वैध दस्तावेज़, परमिशन या सुरक्षा मानकों के खपाने की तैयारी थी।

आमतौर पर इस तरह के मामलों में स्थानीय पुलिस या खनिज विभाग कार्रवाई करता है लेकिन इस बार पर्यावरण विभाग ने खुद कमान संभाली। विशेषज्ञों के अनुसार इन बैटरियों में मौजूद लेड (सीसा) और खतरनाक एसिड पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए बेहद घातक होते हैं, जिन्हें बिना सरकारी गाइडलाइन के ट्रांसपोर्ट या रीसायकल करना जुर्म की श्रेणी में आता है। बताया जा रहा है कि विभाग को सटीक इनपुट मिला था कि डीडीएम रोड के रास्ते करोड़ों के अवैध स्क्रैप की एक बड़ी खेप पार होने वाली है। टीम ने बिना वक्त गंवाए जाल बिछाया और गाड़ी को धरदबोचा। पर्यावरण विभाग की स्क्रैप धरपकड़ में इस धमाकेदार एंट्री ने उन सफेदपोश कबाड़ माफियाओं की नींद उड़ा दी है, जो लंबे समय से जिले में अवैध डंपिंग और परिवहन का जाल फैलाए हुए थे। जनमानस में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर व्यस्तम डीडीएम रोड से करोड़ों का यह अवैध माल किसकी शह पर गुज़र रहा था? यह लॉरी कहाँ से लोड हुई थी और इसका असली मालिक कौन है? विभाग अब गाड़ी के दस्तावेज़ों, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन और माल के सोर्स की बारीकी से जांच कर रहा है। माना जा रहा है कि इस मामले में न सिर्फ भारी-भरकम जुर्माना लगेगा बल्कि सिंडिकेट से जुड़े कुछ बड़े रसूखदारों पर सीधे एफआईआर दर्ज कर गैर-जमानती धाराओं के तहत जेल भी भेजा जा सकता है। इस कार्यवाही ने साफ कर दिया है कि अब कोरबा में अवैध कबाड़ का धंधा करने वालों के खैर नहीं है। अब देखना होगा कि जांच की आंच कबाड़ बाज़ार के किन-किन बड़े मगरमच्छों तक पहुंचती है।



कार्यवाही के दौरान जप्त हुई बैटरी।

### गितेंद्र जायसवाल को मिली दो पंचायतों की कमान

# सुशासन तिहार की शिकायतों पर बड़ा एक्शन, हटाए गए कनकी व सरगबुंदिया के पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त शिकायतों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही तथा विकास कार्यों के लिए प्राप्त शासकीय राशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने ग्राम पंचायत कनकी और सरगबुंदिया के पंचायत सचिवों का स्थानांतरण कर दिया है। इस कार्रवाई को सुशासन तिहार की शिकायतों पर प्रशासन की गंभीरता और जवाबदेही के रूप में देखा जा रहा है। त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। शिकायतकर्ताओं ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए इसे पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कनकी के जनप्रतिनिधियों ने सचिव लक्ष्मीनारायण राजपूत के खिलाफ विकास कार्यों के लिए प्राप्त शासकीय फंड के दुरुपयोग और कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही की शिकायत सुशासन तिहार में दर्ज कराई थी। वहीं ग्राम पंचायत सरगबुंदिया के उपसरपंच, पंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सचिव प्रमोद राठिया पर कार्यों के प्रति उदासीनता और जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही का आरोप लगाया था। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए दोनों सचिवों का स्थानांतरण कर दिया। जारी आदेश के अनुसार कनकी के सचिव लक्ष्मीनारायण राजपूत को ग्राम पंचायत अमलडीहा भेजा गया है। वहीं सरगबुंदिया के सचिव प्रमोद राठिया को जनपद पंचायत करतला कार्यालय में संलग्न किया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत अमलडीहा में पदस्थ सचिव गितेंद्र जायसवाल का स्थानांतरण कर उन्हें ग्राम पंचायत कनकी में मूल पदस्थापना दी गई है। प्रशासन ने उनके पूर्व अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए ग्राम पंचायत सरगबुंदिया का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है। सुशासन तिहार में उठाई गई शिकायतों पर हुई त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में संतोष का माहौल है। शिकायतकर्ताओं ने जिला प्रशासन और जिला पंचायत सीईओ का आभार जताते हुए कहा कि इससे भ्रष्टाचार और लापरवाही पर अंकुश लगेगा तथा पंचायतों में विकास कार्यों की गति और पारदर्शिता बढ़ेगी।



फाइल फोटो

### श्रद्धा का राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई बिंझरा की स्वयंसेविका कुमारी श्रद्धा पटेल का चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन हुआ है। श्रद्धा पटेल हरियाणा के हिसार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हो गई हैं, जहां वे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के साथ राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय और युवा नेतृत्व से जुड़े कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगी। कुमारी श्रद्धा पटेल की इस उपलब्धि पर संस्था परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा का चयन संस्था के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने से मना कर युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** शराब पीने से मना कर विवाद करते हुए मारपीट कर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी करन यादव पिता बसंत यादव 13 जून की रात 9.30 बजे घर के आगे कुछ दूरी में अपने मामा प्रदीप यादव के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले का राजा खान आया और यहां शराब क्यों पी रहे हो कहने लगा। कुछ जवाब नहीं देने पर राजा वहां से चला गया। रात 10.30 बजे राजा खान फिर से आया और गाली गलौज करते हुए करन यादव के साथ मारपीट करते हुए गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने करन की रिपोर्ट पर राजा खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### किसान से 21 लाख 32 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर एक किसान से 21 लाख 32 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, भरारी बाड़ापारा निवासी नारायण सिंह राज पिता साहेबलाल राज 38 साल खेती किसानी के अलावा साइकिल बनाने का काम करते हैं। वे अपने नाम टेलीग्राम चलाते हैं। 28 अक्टूबर 2024 को उनके टेलीग्राम में अज्ञात नाम से लिंक आया, जिसे क्लिक करने पर वे स्वयं उससे जुड़ गए। एक माह तक अज्ञात टेलीग्राम ग्रुप धारक ने उन्हें झांसा देकर अलग अलग बैंक खातों से 160 किश्तों में 21 लाख 32 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिया। उसके बाद मुनाफे की राशि के लिए घुमाने लगा। पुलिस ने उनके रिपोर्ट पर अज्ञात टेलीग्राम धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ट्रांसफार्मर लगाने आए युवक की करंट से मौत

**बिलासपुर।** ट्रांसफार्मर लगाने आए एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हिर्री टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया, बेलगहना खोंगसरा निवासी कमल सिंह मरकाम पिता चैन सिंह मरकाम 35 साथ अपने साथियों के साथ ग्राम उडेला में बिजली विभाग का खंभा व ट्रांसफार्मर लगाने आए थे। 14 जून को करंट की चपेट में आने कमल सिंह की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### वन मंडल कार्यालय के बाहर खुला जक्शन बाक्स



**बिलासपुर।** नेहरू नगर स्थित वन मंडल कार्यलय के ठीक बाहर फुटपाथ पर बिजली का एक बड़ा जक्शन बॉक्स बिना दरवाजे के पूरी तरह खुला पड़ा है। इस पैनल के नंगे तार और स्विच बोर्ड सीधे राहगीरों के पहुंच में है। कुछ सर्विस वायर सीधे फुटपाथ को छू रहे हैं। मानसून की दस्तक सिर पर है और ऐसे में जरा सी बारिश होते ही पूरे फुटपाथ पर करंट फैलने का डर है। यह फुटपाथ आम राहगीरों के साथ-साथ सुबह शाम टहलने वालों और विशेषकर छोटे बच्चों के आने जाने का रास्ता है। बच्चों की अनजानी उत्सुकता और राहगीरों का अनजाने में पड़ा कदम यहां एक बड़े हादसे की वजह बन सकता है। इस प्रशासनिक लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों को खतरा हो सकता है।बिजली विभाग और वन विभाग दोनों के नाक के नीचे यह खतरा मंडरा रहा है लेकिन किसी अनहोनी के इंतजार में दोनों ही विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। यह हाल शहर के हर गली मोहल्ले में स्थित जक्शन बॉक्स की है जो अक्सर खुला पाया जाता है, यह दुर्घटना का कारण बन सकता है। विभाग की लापरवाही उजागर करती है।

---

**आवागमन में हो रही बड़ी परेशानी** — सड़क का चौड़ीकरण, लेकिन नहीं बढ़ा पुल का दायरा

# उसलापुर आरओबी के बाजू से एक और ब्रिज बनाने सर्वे पूरा, जल्द भेजा जाएगा स्टीमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर ओवरब्रिज के बाजू से एक और ब्रिज बनाने संबंधी शहर की बहुप्रतीक्षित जरूरत पर जल्द ही मुहर लगने वाली है। लोक निर्माण विभाग के सेतु डिवीजन के द्वारा नए पुल के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही स्टीमेट भेजने की तैयारी की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा बीते वर्षों में लगातार अभियान चलाते हुए मंगला चौक से सड़क का चौड़ीकरण प्रारंभ किया गया था। इस दौरान सड़क पर काफी अवैध कब्जे भी पाए गए थे, जिन्हें कड़ाई से हटाया गया। आज की स्थिति में उसलापुर ओवरब्रिज से ठीक पहले यह



सड़क पहले की तुलना में दो गुनी चौड़ाई वाली हो चुकी है, जबकि पुल के करीब पहुंचते ही यह सड़क अब भी चौड़ाई के मामले में आधी ही रह जाती है। इस स्थान पर चौड़ीकरण के बाद से ही एक और पुल की जरूरत महसूस की जा रही थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा विगत कई वर्षों से इसके लिए लगातार प्रयास किया भी जा रहा है। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजा गया था।शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग के एक और पुल संबंधी प्रस्ताव को इस वर्ष बजट में स्वीकृति प्रदान की गई है। बजट में आने के बाद लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग द्वारा इसका विस्तृत सर्वे किया जा चुका है, वहीं अब इसका स्टीमेट भेजे जाने की तैयारी चल रही है। संभावना है कि शीघ्र ही इसके निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

ज्ञात हो कि पुल के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वे का काम पूर्व में भी किया जा चुका था, लेकिन बाद में शासन द्वारा इसे दूसरी बार भी सर्वेक्षण के लिए आदेशित कर दिया गया, जिससे इसमें विलंब हो गया।

### बेरिकेड लगाकर रोकी जा रही दुर्घटना

पुल से शहर की ओर आने के दौरान एक रास्ता सीधे शहर की ओर जाता है, जबकि कई ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें उसलापुर स्टेशन जाना होता है। इनमें कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो दाहिनी ओर हरी चटनी रेस्टोरेंट वाली साईड में बसी कालोनियों में जाना चाहते हैं, या इसी रास्ते से सीधे नेहरू नगर या नर्मदा नगर की ओर आवागमन करना चाहते हैं। पुल पर आवागमन करने वालों की जो संख्या आने वालों की है, उतनी ही संख्या में पुल की ओर जाने वाले भी हैं। ऐसे में दुर्घटना का भय लगातार बना होता है। प्रशासन द्वारा फिलहाल दुर्घटना से रोकथाम के लिए बेरिकेट्स लगाए गए हैं, लेकिन देर रात भारी वाहनों की आवाजाही से दुघर्टना की लगातार संभावना बनी ही होती है।

### हो चुका है सर्वे

उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और पुल के निर्माण को शासन से बजट में स्वीकृति तो पहले ही मिल चुकी है। अब इसका सर्वे कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है, वहीं शीघ्र ही स्टीमेट तैयार कर भेजे जाने की तैयारी है।

**-संजय कुमार दिवाकर,** एसडीओ सेतु संभाग

---

कालोनीवासियों ने यहां बन रही बाउंड्रीवाल पर तत्काल रोक लगाने की मांग की

# ग्रीन पार्क कालोनी में गार्डन की जमीन पर रातों-रात निर्माण, थाने पहुंचे लोग



थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे ग्रीन पार्क कालोनीवासी।




कालोनी के गार्डन में किया जा रहा अवैध निर्माण। इनसेट में बोर्ड, जिसे तोड़ दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित ग्रीन पार्क कालोनी में गार्डन की जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कालोनीवासियों ने यहां बन रही बाउंड्रीवाल और मकान पर रोक लगाने की मांग की है। दूसरी ओर पुलिस के मुताबिक कब्जाधारियों ने जमीन की रजिस्ट्री और नामांतरण का दावा किया है। साथ ही बाउंड्रीवाल के लिए निगम से अनुमति लेने की बात भी कही है। दोनों पक्षों से दस्तावेज मंगाए गए हैं।

दरअसल जरहाभाठा क्षेत्र में महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित ग्रीन पार्क कालोनी है। 1984 में बनी यह कालोनी शहर की पहली ले आउट कालोनी है। इसके साथ ही कालोनी में ग्रीन पार्क कालोनी सोसायटी का गठन भी किया गया। यहां के निवासियों के मुताबिक यह पहली कालोनी थी जिसमें गार्डन और रिक्रेयसन सेंटर के लिए करीब 7 हजार वर्गफीट जमीन आरक्षित की गई थी। पिछले करीब 40 सालों से यह जमीन गार्डन के लिए ही रही और इसमें किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया।

### ना कोई इश्तहार ना कोई सीमांकन

कालोनीवासियों की ओर से कहा गया है कि पिछले करीब 40 सालों से यह जमीन गार्डन के लिए ही रही और इसमें किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। इस जमीन की बिक्री हो ही नहीं सकती क्योंकि गार्डन की जमीन का मद परिवर्तन नहीं किया जा सकता। इसके बाद भी जमीन की खरीदी बिक्री होना किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। यहां के रहवासियों ने बताया कि जमीन खरीदी बिक्री से पहले ना तो सीमांकन कराया गया और ना ही कोई इश्तहार ही प्रकाशित कराया गया। अचानक बिक्री करते हुए नामांतरण भी हो गया। यही नहीं निगम से निर्माण की अनुमति भी ले ली गई।

### बोर्ड उखाड़कर फेंक दिया गया

सिविल लाइन थाने में की गई शिकायत में कालोनीवासियों ने कहा है कि कालोनी के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से ले आउट में भी इस जमीन को मनोरंजन और गार्डन के लिए छोड़ा गया है। कालोनीवासियों ने यहां बोर्ड भी लगाया है। इसके बाद भी 13 जून की शाम को कुछ लोगों ने बोर्ड उखाड़कर फेंक दिया और बाउंड्रीवाल निर्माण शुरू कर दिया गया। कालोनीवासियों ने इसका विरोध किया तो विवाद की स्थिति बनने लगी। विवाद नहीं बढ़े इसलिए कालोनीवासियों ने पुलिस और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

### जानकारी ली जा रही है

कालोनी में निर्माण विवाद की शिकायत मिली है। भवन शाखा से अनुमति की जानकारी ली जा रही है। इसके बाद ही कोई फैसला लिया जा सकता है।

**- प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

---

# आनलाइन के बावजूद खिड़की में तत्काल की मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे के बुकिंग एप्लीकेशन पर यात्रियों का भरोसा काफी कम हो गया है। आनलाइन एप के बावजूद यात्रियों की भीड़ आरक्षण कार्यालय में तत्काल के लिए कम नहीं हो रही है। तत्काल की कंफर्म टिकिट का भरोसा लिए लोग देर रात बिस्तर बिछाकर काउंटर ओपन होने का इंतजार कर रहे हैं। जनरल टिकिट के साथ तत्काल में भी कंफर्म टिकिट की मारामारी शुरू हो चुकी है।

- एप से ज्यादा आरक्षण काउंटर पर भरोसा

रेलवे ने स्लीपर और एसी कोच के यात्रियों को बुकिंग के लिए स्टेशन में आरक्षण कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की एप्लीकेशन की सुविधा दी है। भीड़ से बचने के लिए यात्री दो माह पहले से ही बुकिंग करते हैं, ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। आरक्षण कार्यालय के साथ बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए भी हो रही है, जिसके लिए आईआरसीटीसी ने कई लोगों को लायसेंस भी दिया हुआ है।

सबसे अधिक यात्रियों को परेशानी वेकेशन और गर्मी की छुट्टी के अलावा त्यौहार के समय होती है। इस दौरान ट्रेनों में अधिक भीड़ के कारण यात्रियों को कंफर्म टिकिट की सुविधा नहीं मिल पाती। भीड़ से बचने के लिए तत्काल का सहारा लेते हैं।

तत्काल की टिकिट के लिए आरक्षण कार्यालय से अधिक कठिन बुकिंग की दिक्कत आनलाइन बुकिंग में होती है, जिसके कारण यात्रियों की भीड़ आरक्षण कार्यालय में रहती है। वर्तमान में गर्मी की छुट्टियां समाप्त होने जा रही है। छुट्टी मनाने के लिए बाहर जाने वाले लोगों की वापसी और शहर से दूसरे जगह आना-जाना शुरु हो गया है। बर्थ की मारामारी के कारण सामान्य बुकिंग में वेटिंग 100 से अधिक होने से लोग अब तत्काल की बुकिंग कराने आरक्षण कार्यालय में जाने लगे हैं। आरक्षण कार्यालय के साथ आनलाइन तत्काल की बुकिंग का समय रेलवे बोर्ड ने निर्धारित किया हुआ है।



आरक्षण कार्यालय के बाहर लगी भीड़।

---

# चोरी के जेवर सहित दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्चडाग की सक्रियता से पुलिस ने सूने मकान में चोरी करने वाले दो युवकों को पकड़कर चोरी के जेवर बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी टीआई उमेश साहू ने बताया, 12 जून को उसलापुर सांईनगर निवासी नीता बघेल पति मन्नू बघेल 40 साल मकान के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में हास्पिटल चली गई थीं। 13 जून की सुबह 8.30 बजे घर आईं तो ताला टूटा मिला और आलमारी से जेवर व नकद रकम की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सर्चडाग का सहयोग लिया गया। डाग मास्टर राम मिलन सिंह ने चोरों के द्वारा छोड़े गए जेवर को सर्चडाग से सुंघाया गया। उसके बाद डाग भागते हुए



उसलापुर सांईनगर निवासी विकास चतुर्वेदी पिता रामनाथ 24 साल व अमन टंडन पिता गंभीर टंडन 20 साल के घर में आकर भौंकने लगा। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों युवकों ने उक्त मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके पास से चोरी के 60 हजार के जेवर बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### खिड़की तोड़कर तीन दुकानों में चोरी

पीछे की खिड़की तोड़कर चोरों ने तीन दुकानों में धावा बोलकर कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर जमकर तोड़फोड़ की है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, सकरी चोरभट्ठीकला निवासी आनंद कौशिक पिता गणेश कौशिक परसदा मेन रोड पर रंग पेट की दुकान चलाते हैं। 12 जून को वे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात चोर उनकी दुकान के पीछे खिड़की को तोड़कर अंदर घुसे और पूजा स्थल से 4 नग चांदी के सिक्के, 7 हजार रुपए चोरी कर लिया, दूसरे कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर चोरों ने उनके दुकान में जमकर तोड़फोड़ करते हुए लैपटाप, टेबलेट, मानिटर, कैमरा, वैक्यूम क्लीनर, फ्रिज, स्वाईप मशीन, इलेक्ट्रानिक सामानों को तोड़ दिया। इसी तरह उनके बगल की गया प्रसाद पटेल की ट्रांसपोर्ट दुकान से 1000 रुपए व विशाल सोनी के डेली नीड्स की दुकान में घुसकर खाद्य सामग्री खाने के बाद जमकर तोड़फोड़ की है। पुलिस ने श्री कौशिक की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 324, 4, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब बिक्री दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर पुलिस ने दो चाय नाश्ता दुकानों में दबिश देकर जांच की। शराब नहीं मिलने पर दोनों संचालकों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कोनी थाना के करीब तुर्काडीह चौक में चाय नाश्ता की आड़ में शराब की अवैध बिक्री की जा रही थी। पुलिसकर्मियों को दोनों दुकानों में आना जाना था। उसके बाद भी उन पर कार्रवाई नहीं की जा रही थी। शिकायत के आधार पर 14 जून को कोनी पुलिस ने दोनों चाय नाश्ता दुकानों में दबिश देकर जांच की, किन्तु पुलिस को वहां शराब नहीं मिली। पुलिस ने दोनों दुकानों के संचालक तुर्काडीह निवासी जितेन्द्र उर्फ बबलू वाधवानी, बड़ी कोनी निवासी रोहित शुक्का को गिरफ्तार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया है।

---

# रिश्वत मांगने के आरोप में प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पंतोरा चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को एसपी ने निलंबित कर दिया है। जमीन पर कब्जा दिलाने को लेकर रिश्वत मांगने के आरोप और विडियो जारी होने पर कार्रवाई की गई है। मामले की जांच के लिए अकलतरा एसडीओपी को जिम्मेदारी दी गई है। जिले में पुलिस विभाग ने अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के आरोपों पर सख्त रुख अपनाते हुए चौकी पंतोरा में पदस्थ प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी पर चौकी पंतोरा क्षेत्र के एक आवेदक से विवादित भूमि पर कब्जा दिलाने के नाम पर पैसों की मांग करने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत और संबंधित विडियो पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आने के बाद तत्काल जांच प्रारंभ की गई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए अकलतरा एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार जांच के दौरान सभी तथ्यों और साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



- एसपी ने की कार्रवाई, एसडीओपी को दिया जांच का जिम्मा

---

भीषण गर्मी में यहां के लोग पानी के लिए हो रहे त्राहि-त्राहि

# अटल आवास में पानी की समस्या गहराई, लोगों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर के अटल आवास में पानी की समस्या गहराती जा रही है। भीषण गर्मी में यहां के लोगों पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे है।लगातार मांग के बाद भी सुधार नहीं होने पर निवासियों ने चौक में चक्काजाम कर दिया। लोगों के मुताबिक पाइप लाइन टूटी है तो मोटर खराब है। लगातार शिकायत के बाद भी सुनने वाला कोई नहीं है। इसलिए आंदोलन करने के अलावा कोई चारा नहीं है।लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले एक मोटर लगाया गया था लेकिन वह पुराना था। इसलिए जल गया और पानी सप्लाई प्रभावित हुई।

दरअसल अशोकनगर चौक के पास सडक चौड़ीकरण के साथ ही नाली निर्माण चल रहा है। इसी कारण पाइप लाइन बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है। दूसरी ओर बार-बार बिजली गुल होने के कारण मोटर जल रहे हैं



और पानी सप्लाई पर असर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पानी के लिए दूर जाना पड़ रहा है। इसके अलावा अटल आवास में नाली की समस्या से रहवासी जूझ रहे हैं। जर्जर नाली होने के कारण गंदा पानी आसपास फैल रहा हैं। दुर्गंध से लोग परेशान हैं। इससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। रहवासियों ने निगम के अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद नाली निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### वार्ड क्रमांक 60 और 62 में गंदे पानी की सप्लाई

शहर के सरकंडा क्षेत्र स्थित वार्ड क्रमांक 60 कपिल नगर एवं वार्ड क्रमांक 62 में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। क्षेत्र के विकास सिंह ठाकुर, हिमांशु राई, रतन तिवारी एवं सिद्धार्थ तिवारी ने गंदे पानी को बोतल में लेकर कड़ी नाराजगी जताई। प्रेस वार्ता में निगम प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया। विकास सिंह ठाकुर ने बताया कि वार्ड में लंबे समय से गंदे और बदबूदार पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे क्षेत्रवासियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत मिशन योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दावे किए गए थे, लेकिन आज तक लोगों को साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिल पा रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि दूषित पानी के कारण पीलिया, डायरिया और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है।

---

# इंसुलेटर बर्स्ट, बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंक रोड के गर्ल्स कालेज के पास इंसुलेटर बर्स्ट होने के कारण करीब ढाई घंटे बिजली बंद रही, इस दौरान पेड़ काटने के दौरान 11 केवी का तार टूट गया, जिसके चलते सुबह से 6 से 12 बजे तक बिजली प्रभावित रही, हालांकि विभाग ने नया तार जोड़ कर सप्लाई शुरू कर दी है।

इसी तरह हेमू नगर दुर्गा पंडाल गार्डन के पास बड़ा पेड़ गिर गया, इस दौरान पास में खड़ी दो कारों को नुकसान पहुंचा है। हादसा रात 3 बजे होने के कारण किसी को भी



इसकी जानकारी नहीं मिल सकी, सुबह बिजली सप्लाई ठप होने के बार लोगों ने बड़ा पेड़ गिरने की जानकारी विभाग को दी, जिसके बाद सप्लाई बहाल की गई।

## खबर संक्षेप

### सर्वमंगला मार्ग रेलवे फाटक के पास जाम से राहगिर रहे परेशान

**कोरबा।** शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल सर्वमंगला मार्ग पर उषा कॉम्प्लेक्स रेलवे फाटक के पास लगातार जाम की स्थिति बन रही है। हालात ऐसे हैं कि लगभग हर 15 मिनट में यहां वाहनों की लंबी कतार लग जा रही है, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे फाटक बार-बार बंद होने और यातायात के बढ़ते दबाव के कारण यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। फाटक बंद होते ही दोनों ओर से वाहन जाम होने लगते हैं और खुलने के बाद भी जाम काफी देर तक बना रहता है। कोरबा-कुसमुंडा-दीपका-गेवरा सर्वमंगला मन्दिर की ओर आवागमन करने वाले लोगों को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। सबसे अधिक समस्या सुबह और शाम के समय देखने को मिल रही है, जब आफिस और बाजार का ट्रैफिक एक साथ बढ़ जाता है। कई बार एम्बुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।

## किसानों ने व्यवस्थाओं की प्रशंसा, सुविधाओं में हो रही है वृद्धि

# सुशासन में मजबूत हुई कृषि व्यवस्था, किसानों को समय पर मिल रही आदान सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छग शासन द्वारा किसानों की समृद्धि और कृषि विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया गया है। किसानों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री समय पर और सुगमता से उपलब्ध हो, इसके लिए सहकारी समितियों के माध्यम से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिले के ग्राम सराईश्रृंगार निवासी कृषक श्री मंगल सिंह, जो लगभग साढ़े चार एकड़ की भूमि में खेती करते हैं, आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वे मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं और समय पर कृषि आदान सामग्री की उपलब्धता को खेती की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं। इसी क्रम में वे सहकारी समिति जामबहार-सोनपुरी पहुंचे, जहां उन्हें अपनी आवश्यकता के अनुरूप यूरिया, डीएपी एवं बीज आसानी से उपलब्ध हो गए। श्री सिंह ने बताया कि समिति में खाद, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त है तथा वितरण प्रक्रिया भी सरल और व्यवस्थित है। आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उन्हें बिना किसी परेशानी के कृषि आदान सामग्री प्राप्त हो गई। उन्होंने कहा कि समिति के कर्मचारियों द्वारा किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई बार किसानों को खाद एवं बीज के लिए विभिन्न स्थानों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन वर्तमान में शासन द्वारा पर्याप्त भंडारण और बेहतर वितरण व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने से ऐसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। समय पर कृषि आदान सामग्री उपलब्ध होने से खेती की तैयारियां सुचारु रूप से हो रही हैं तथा किसानों में आगामी फसल को लेकर उत्साह का माहौल है।


खाद लेते हुए किसान।

## बिजनेस न्यूज

### केसीसी के शानदार 26 वर्ष पूर्ण, शहर में किया नया आयाम स्थापित




**कोरबा।** कोरबा शिक्षण समिति की स्थापना दूरस्थ आदिवासी अंचल में अत्याधुनिक कम्प्यूटर विज्ञान के पाठ्यक्रम द्वारा शहर एवं गांवों के छात्रों को रोजगार मूलक पाठ्यक्रम से उनके जीवन स्तर में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से की गई थी। जिसे आज कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध जो पूरे अंचल में केसीसी के नाम से है ने अपने 26वें सफलतम वर्षों में अपना एक मुकाम प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर व्यवसायिक तकनीकि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। समिति एवं केसीसी ग्रुप के चेयरमेन राजेश अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय अपने अत्याधुनिक विशाल एवं सभी मापदंडों से परिपूर्ण नए केसीसी केम्पस जो कि घंटाघर चौक के समीप है, में संचालित है तथा आईटी के बीसीए, डीसीए, पीजीडीसीए, एमएससी (सीएस) के साथ साथ मैनेजमेंट के पाठ्यक्रम (बीकॉम, बीबीए) के पाठ्यक्रम में भी प्रवेश चल रहा है। श्री अग्रवाल जी ने आगे बताया कि महाविद्यालय की स्थापना जुलाई 2000 सत्र से हुई तब से लेकर आज तक महाविद्यालय में डीसीए, पीजीडीसीए का छब्बीसवां व बीसीए का तेईसवां बैच अपनी पढ़ाई पूरी कर निकल रहा है। कोरबा शिक्षण समिति के अथक प्रयास से शहर के (एसटी, एससी, ओबीसी) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्रों को कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेशित बालक, बालिकाओं को भारत शासन एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय नियमानुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि महाविद्यालय के अनुभवी एवं उच्च शिक्षित शिक्षको की मेहनत व आधुनिक तकनीकी के कारण महाविद्यालय का परीक्षाफल 80 से 90 प्रतिशत प्राप्त हो रहा है जो महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचायक हैं। महाविद्यालय आधुनिक कम्प्यूटर लैब, विशाल लाइब्रेरी, प्रोजेक्टर एवं सहायक शिक्षण सामग्री से युक्त है।

# निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन


स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री अग्रसेन नवयुवक मंच व अग्रवाल सभा कोरबा के द्वारा निःशुल्क हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आरोग्य धाम में आयोजित किया गया। निःशुल्क हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के अध्यक्ष प्रियम अग्रवाल ने कहा आज हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है विभिन्न डॉक्टर के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान एक महा दान होता है एवं जरूरतमंद के लिए जीवन रक्षक होता है दान दाताओं को अनेक अनेक साधुवाद दिया मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान करने से हम दूसरों के मानव जीवन की रक्षा कर सकते हैं उन्हें जब रक्त की जरूरत होती है तो यही रक्त उनके जीवन की रक्षा करता है हमें लगातार इस तरह के शिविरों का आयोजन करते हुए रक्तदान को बढ़ावा देना चाहिए। डॉ बीबी बोर्ड, डॉ यामिनी बोर्ड, डॉ अरुण श्रीवास, डॉ राखी अग्रवाल, डॉ रेनू श्रीवास्तव, डॉ विनय सिंह, डॉ प्रितेश मासीह, डॉ विशाल अग्रवाल अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर आशीष गोयल, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आशीष टमकोरिया, अभिषेक अग्रवाल, पिंकी सिंगल, पारुल अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, प्रतीक अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रथम गोयल, उत्तम अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, निश्चल टमकोरिया, दयाशंकर पालीवाल, प्रतीक केडिया, मोहित सिंघल, हेमंत अग्रवाल उपस्थित का योगदान रहा।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रासेयो ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध इंदिरा गांधी चिकित्सालय कोरबा में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रासेयो के जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार साहू व जी एम उपाध्याय, वरिष्ठ स्वयंसेविका मुस्कान कु मुस्कान राजपूत, स्वयंसेवक देवांश कुमार तिवारी, शिवराज थवाईत, किशोर चौहान, प्रियांशु मिश्रा आदि ने रक्तदान किया। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी व उनके पुत्र देवांश कुमार तिवारी ने तीसरी बार एक साथ रक्तदान किया। स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है, इससे सुखद अनुभूति होती है तथा रक्तदाता के फिटनेस व शरीर में बीमारियों से खतरों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। स्वस्थ व्यक्ति नियमित रक्तदान कर मानवता की सेवा करते हुए लोगों को जीवनदान दे सकता है। रासेयो स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर अत्यंत सुखद आत्मिक अनुभूति के साथ गर्व का अनुभव किया। शिविर के संचालन में जिला चिकित्सालय के आई सी टी सी काउंसलर श्रीमती वीणा मिस्त्री, रासेयो स्वयंसेवक आर्यन साहू, कु नेहा तिवारी जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ शालिनी आदित्य, दुर्गेश्वरी कर्ष, प्रताप आदि का सराहनीय योगदान रहा।



रक्तदान करते हुए।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़






## खबर संक्षेप



### जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को देना है बढ़ावा : गोपाल

**कोरबा।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और किसान कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि महाविद्यालय, कटघोरा में 12 साल बेमिसाल किसान सम्मेलन एवं जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करते हुए केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि आज आवश्यकता रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की है। इससे न केवल भूमि की उर्वरता सुरक्षित रहेगी, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि और लोगों को स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष रजनीश सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश तिवारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भानुप्रताप सिंह, अजय विश्वकर्मा, मीना शर्मा, पवन गर्ग, रामनारायण सराफ, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अभिषेक गर्ग, डिलेन्द्र यादव, कुलसिंह कंवर, प्रीति स्वर्णकार एवं समजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ओटीपी से राशन वितरण बंद, अब स्कैनर से मिलेगा



**कोरबा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा फैसला हुआ। खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने ओटीपी के जरिए राशन वितरण पर रोक लगा दी। अब हितग्राहियों को खाद्यान्न केवल स्कैनर-आधारित सत्यापन से मिलेगा। विभाग ने सभी खाद्य निरीक्षकों को निर्देश जारी किए। रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आदेश स्पष्ट किया गया। किसी भी हितग्राही को अब ओटीपी से राशन नहीं दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, कुछ उचित मूल्य दुकानों में 60 से 70 प्रतिशत तक वितरण ओटीपी से हो रहा था। इससे अनियमितता की आशंका बढ़ी। फर्जीवाड़े का खतरा बढ़ा। इसी कारण व्यवस्था बंद की गई।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आज तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला एवं पोंड़ीउपरोड़ा में प्रवेश सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर विवरणिका का भली-भांती अवलोकन कर पात्रतानुसार आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्था से संपर्क किया जा सकता है।

### आधुनिक कृषि तकनीकों से किसान कर रहे हैं खेती

**कोरबा।** किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाते हुए बेहतर उत्पादन और अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कृषि अब केवल खेतों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसानों के जीवन में समृद्धि, आत्मनिर्भरता और नए अवसरों का माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम तिलकेजा निवासी कृषक राजू लाल कैवर्त 1 एकड़ 63 डिसमिल भूमि में धान की खेती करते हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत वे सहकारी समिति तिलकेजा पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी आवश्यकता अनुसार कृषि आदान सामग्री प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया भी लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वे समिति से खाद एवं उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं तथा पिछले दो वर्षों से अपनी फसलों में नैनो उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं। कम मात्रा में अधिक प्रभाव देने वाले ये उर्वरक फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने में सहायक हैं, जिससे पौधों की वृद्धि बेहतर होती है और फसल अधिक स्वस्थ दिखाई देती है।

### बरसात से पूर्व करें नाली-नाला सफाई का कार्य पूरा

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से कहा कि चूंकि निगम द्वारा बरसात से पूर्व नाले-नालियों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है किन्तु कार्य में और अधिक गति लाना आवश्यक है, बरसात का आगमन शीघ्र होने जा रहा है, अतः नाला-नालियों की सफाई के कार्य में तेजी लायें तथा एक अभियान के रूप में कार्य करते हुये बरसात से पूर्व सभी नाले-नालियों की सतह से सफाई का कार्य पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि विशेष कर बडे. नालों की सफाई का कार्य पूर्ण होने के पश्चात भी वहाँ की स्वच्छता पर सतत नजर रखें तथा यह देंखे कि नालों में पुनः कचरे का संग्रहण न हों।

# उपतहसील कार्यालय चैतमा में दो सालों से लटका है ताला

## ग्रामीणों को राजस्व मामलों के लिए 35 किमी से अधिक दूरी करनी पड़ती है तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

एक तरफ शासन और प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की सुविधा से समस्या का समाधान हेतु शिविर लगाया जा रहा है उक्त शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन आता है वह है राजस्व विभाग की भूमि संबंधी दूसरी तरफ आम जनता को सुविधाजनक समस्या के निराकरण हेतु वर्ष 2023 में शासन एवं प्रशासन द्वारा उप तहसील चैतमा का उदघाटन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली एवं तहसीलदार पाली के उचित मार्गदर्शन पर तत्कालीन सासंद श्रीमती ज्योत्सनाचरण दास महंत एवं पालीतानाखार मोहितराम केरकेटा द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कर कर उदघाटन किया गया था। एक वर्ष तक कार्यालय का संचालन हो रहा था जिसमें लिंक कोर्ट के माध्यम से सप्ताह में एक दिन तहसीलदार पाली द्वारा बुधवार को क्षेत्र के राजस्व प्रकरणों का सुनवाई होता था, परंतु चुनाव के बाद कार्यालय बंद होने लगा लिंक कोर्ट में क्षेत्र के ग्रामीण आते थे फिर वापस खाली जाते थे इस संबंध में पूर्व में तहसीलदार पाली से चर्चा करने पर स्टाप के कर्मचारी की कमी बतलाया गया परंतु विगत दो वर्ष से कार्यालय पर ताला लगा है। इस संबंध में पाली तहसीलदार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि उप तहसील खोलने का कोई आदेश नहीं है। पूर्व सरकार के समय में राजस्व कार्यों का विस्तार करते हुए जिले के कई ग्रामीण अंचलों में तहसील कार्यालय के लिंक कोर्ट खोले गए थे। इसके तहत अजगरबहार तहसील के लिंक कोर्ट लेमरु में खोला गया था। इसी तरह पाली तहसील के लिंक कोर्ट की शुरुआत चैतमा में की गई थी। शुरुआत में तो यह कोर्ट सप्ताह में एक दिन खुलता था जो बाद में धीरे धीरे बंद हो गया।

**खास बात**

- राजस्व कार्यों और आम लोगों को सुविधा देने के लिए कांग्रेस सरकार के समय लिंक कोर्ट की हुई थी शुरुआत




## पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने नहीं हो रहे काम

# संकीर्ण पुलिया बनी दुर्घटना का कारण लगातार हो रहे हादसों ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा मार्ग पर छुरी के समीप स्थित संकीर्ण पुलिया एक बार फिर सडक़ दुर्घटना का कारण बन गई। बीती रात लगभग 12 बजे के आसपास यहां एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे दूसरे वाहन द्वारा पर्याप्त साइड न दिए जाने की वजह से यह हादसा हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले इस मार्ग की सडक़ का मरम्मत कार्य तो किया गया था, लेकिन पुलिया को चौड़ा करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप यह स्थान अब भी एक खतरनाक ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। इस पुल के पास सडक़ का मोड़ (टर्निंग) भी काफी तीखा है, जिससे भारी वाहनों और रात के समय गुजरने वाले वाहनों के लिए जोखिम और अधिक बढ़ जाता है। आए दिन यहां छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर लगातार परेशान हैं। बीती रात हुई घटना में सौभाग्य से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन को नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि गति अधिक होती या स्थिति थोड़ी और बिगड़ जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को जल्द से जल्द पुलिया के चौड़ीकरण, उचित साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और सडक़ सुरक्षा उपायों की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके।



सड़क किनारे पलटा भारी वाहन।

# खुले ट्रकों से उड़ रही फ्लाई ऐश बढ़ा प्रदूषण और हादसे का खतरा




राख लेकर जाते हुए भारी वाहन से उड़ती हुई राख।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर पावर प्लांटों से निकलने वाली फ्लाई ऐश (राखड़) का परिवहन खुलेआम नियमों की अनदेखी कर किया जा रहा है। बिना ढके ट्रकों में राखड़ ढोए जाने से सड़क पर प्रदूषण फैल रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रकों से उड़ने वाली राखड़ सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। राखड़ आंखों में जाने से बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। सड़क किनारे बसे गांवों के लोग लगातार उड़ती धूल और राखड़ के बीच रहने को मजबूर हैं। फ्लाई ऐश के महीन कण हवा में घुलकर लोगों के फेफड़ों तक पहुंच रहे हैं। इसके कारण दमा, सांस की एलर्जी, खांसी और संक्रमण जैसी बीमारियों के मामलों में वृद्धि हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नियमानुसार फ्लाई ऐश का परिवहन करने वाले वाहनों को पूरी तरह तिरपाल से ढकना अनिवार्य है, ताकि राखड़ हवा में न उड़े। लेकिन कोरबा-कटघोरा मार्ग पर चल रहे अधिकांश ट्रकों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। कई वाहन केवल औपचारिकता के तौर पर तिरपाल लगाते हैं, जो रास्ते में हवा से हट जाता है।

# जिले से 13 हाथियों का झुंड लौटा धरमजयगढ़




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मण्डल अंतर्गत कुदमुरा रेंज के जिलगा परिसर में विचरण रत 13 हाथियों का झुंड बीती रात मांड नदी को पार कर धरमजयगढ़ लौट गये। जानकारी के अनुसार हाथियों ने दिन ढलने के बाद शाम को मुमेंट किया और कुदमुरा वन परिक्षेत्र के जंगलों में कुछ देर विचरण करने के बाद मांड नदी को पार कर धरमजयगढ़ जंगल पहुंचे। हाथियों के अंयत्र जाने से वन विभाग ने कुछ रात महसूस की है। इससे पहले क्षेत्र में हाथियों के सक्रिय रहने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ था। ग्रामीण खेती किसानी के लिए अपने घरों से बाहर निकल रहे है और खेतों में पहुंच रहे है। कई ग्रामीणों के खेत जंगल के बीचों बीच स्थित है। अतः हाथियों से उनका सामना होने की संभावना बनी हुई थी। इस बीच कटघोरा वनमण्डल के जटगा रेंज में 48 हाथी लगातार विचरण कर रहे है। हाथियों का यह झुंड अधिकांश समय पहाड़ पर रहता है। तब ज्यादा दिक्कते नहीं होती लेकिन कुछ हाथी झुंड से अलग होकर नीचे उतर जाते है और वहां स्थित गांवों के आसपास मंडारने लगते है तब वन अमले एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है।

# बारिश में नदी के कटाव को रोकने बन रही सुरक्षा दीवार, गति बढ़ाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश की संभावना जताई जा रही है, वहीं तान नदी में हर वर्ष आने वाली विशाल बाढ़ को देखते हुए नदी किनारे चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी गति लोगों की चिंता बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य पूर्ण नहीं हुए तो पहली ही बड़ी बाढ़ में निर्माणाधीन संरचनाओं को नुकसान पहुंच सकता है और सरकारी राशि पर पानी फिर सकता है।

उल्लेखनीय हे कि पोड़ी उपरोड़ा स्थित मुक्तिधाम के पास डेम विभाग द्वारा रिटर्निंग वॉल (सुरक्षा दीवार) का निर्माण कराया जा रहा है। यह कार्य नदी के कटाव और बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के उद्देश्य से किया जा रहा है। दूसरी ओर पोड़ी-लेपरा मुख्य मार्ग पर तान नदी के किनारे बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हिस्से की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना विभाग द्वारा भी रिटर्निंग वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों परियोजनाओं की कार्य गति काफी धीमी है। निर्माण स्थल पर सीमित मजदूर और मशीनें दिखाई दे रही हैं, जिससे समय पर कार्य पूर्ण होने को लेकर संशय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि तान नदी में हर वर्ष तेज बहाव और भारी जलभराव की स्थिति बनती है। ऐसे में यदि बारिश शुरू होने से पहले निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो अधूरे निर्माण को नुकसान पहुंच सकता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कार्यों की स्वीकृति देर से प्राप्त हुई, जिसके कारण निर्माण कार्य भी विलंब से प्रारंभ हो सका। हालांकि अधिकारियों ने उपलब्ध समय में कार्यों को तेजी से पूरा करने की बात कही है। इधर क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि तान नदी की बाढ़ की तीव्रता को देखते हुए अधूरे निर्माण कार्यों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। अब सभी की मानसून की पहली बड़ी बारिश के इंतजार मे हैं। यदि बारिश अपेक्षा से अधिक हुई और तान नदी उफान पर आई, तो यह निर्माण कार्यों की मजबूती और विभागीय तैयारियों की वास्तविक परीक्षा साबित होगी। वहीं किसी भी प्रकार की क्षति होने पर सरकारी धन के दुरुपयोग और लापरवाही को लेकर सवाल उठना तय माना जा रहा है।

# कोरबा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने नौशाद दिनेश बने सचिव



विजयी प्रत्याशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब के सत्र 2026-28 के लिए संपन्न चुनाव के परिणाम घोषित किया गया। चुनाव में विभिन्न पदों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें विजयी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के बीच जीत का जश्न मनाया। संरक्षक पद में कमलेश यादव ने सर्वाधिक वोट हासिल कर जीत दर्ज की है। इसी तरह अध्यक्ष पद पर नौसाद खान ने जीत हासिल की है जबकि दिनेश राज दूसरी बाद अपना परचम लहराते हुए सचिव बने। उपाध्यक्ष पद में राजकुमार शाह ने जीत हासिल की है। इसी तरह उप सचिव पद के लिए हरीश तिवारी विजयी रहे। कोषाध्यक्ष पद हेतु दुर्गेश श्रीवास्तव ने बड़ी जीत दर्ज की है। वहीं कार्यकारिणी में नवाब हुसैन, राजेश मिश्रा और आकाश शर्मा निर्वाचित हुए हैं।

# भूविस्थापित संगठनों ने पूर्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन, आज घेरेंगे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के चारों परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापितों एवं ग्रामीणों की वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर विभिन्न विस्थापित संगठनों द्वारा 15 जून को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इस आंदोलन में हजारों की संख्या में पीड़ित भू-विस्थापित एवं ग्रामीण शामिल होंगे। रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा तथा अन्य मूलभूत मांगों के संबंध में कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है किंतु अब तक समस्याओं का समुचित समाधान नहीं हो पाया है। आंदोलन के संबंध में विभिन्न संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद, वर्तमान एवं पूर्व विधायकों को भी ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं के निराकरण करने का आग्रह किया गया है। भू-विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से भी मुलाकात किये हैं। इसी तारतम्य में कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम के संबंध में भी उन्हें ज्ञापन सौंपकर आंदोलन का नेतृत्व करने का अनुरोध किये हैं। इस पर श्री अग्रवाल ने भू-विस्थापितों की मांगों का समर्थन करते हुए आंदोलन के प्रति अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिये हैं। भू-विस्थापित संगठनों ने सभी प्रभावित परिवारों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से 15 जून को आयोजित कलेक्ट्रेट घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।



पूर्व मंत्री को ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित संगठन के सदस्य।

# बॉक्सर्स ने जीते 2 स्वर्ण व 4 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालको

छग प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के नेतृत्व में 17 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जून तक जवाहर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आयोजित हुई। जिसमें जिले से ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के 6 बॉक्सर्स का चयन इस प्रतियोगता के लिए हुआ। जिसमें जिले को 2 स्वर्ण पदक और 4 कांस्य पदक प्राप्त हुआ।जिसमें सब जूनियर बालक, बालिका वर्ग में वंश सिंह राठौर 55-58 किलोग्राम स्वर्ण पदक, हर्षिता कैवर्त 30-35 किलो ग्राम स्वर्ण पदक, मोहम्मद फरहान रजा 46-49 किलो ग्राम कांस्य पदक, अपर्णा चौहान 43-46 किलो ग्राम कांस्य पदक, अंश गुप्ता 52-55 कांस्य पदक, अंश चंद्रा 49-52 किलो ग्राम कांस्य पदक प्राप्त हुआ। टीम के साथ कोच अजीत कुमार शर्मा एवं सहायक कोच अनुज अग्रवाल टीम के साथ शामिल रहे। टीम की वापसी होने पर मेडलिस्ट बॉक्सर्स का स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया।



# ग्राम छुईढोड़ा में निकला किंग कोबरा, रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा गया जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगल में लगातार किंग कोबरा की संख्या बढ़ती जा रही है। पसरखेत के जंगल से एक किंग कोबरा रिहायशी क्षेत्र में आ धमका था जिसे सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया है।

पसरखेत रेंज के ग्राम छुईढोड़ा में किंग कोबरा के दिखाई देने की सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिया गया, ग्रामीणों के अनुसार यह दुर्लभ एवं विषैला सर्प अचानक से घर में घुस गया था, वहीं घर के भीतर बैठे लोग इतने बड़े सांप को देख सकते में आ गए थे। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी एवं वन्यजीव रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। जितेंद्र सारथी एवं सिद्धांत जैन द्वारा सुरक्षा उपायों एवं प्रोटोकॉल के साथ 11 फीट के किंग कोबरा का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक निरीक्षण के पश्चात सर्प को उसके प्राकृतिक आवास के अनुरूप सुरक्षित वन क्षेत्र में पंचनामा तैयार करने के पश्चात सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत देवदत खांडे, ड्यूटी रेंजर गुलाब सिंह, हरिनारायण बंजारे, पंकज कुमार, कृष्ण कुमार, सरपंच किशन कुमार राठिया, कैलाश राठिया, संतोष कुमार यादव, खगेश कुमार राठिया, सूरज भान राठिया एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



किंग कोबरा का रेस्क्यू करते टीम के सदस्य।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्प्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780